RANCHI UNIVERSITY
RANCHI

Memo. No.: RU/VC/111/2016 Date : 02.01.2016

सूचना

झारखण्ड सरकार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, (उच्च शिक्षा निदेशालय) के पत्रांक 1762 दिनांक 14.09.2015 के आलोक में निम्नलिखित विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों में दूसरी पाली में कक्षा का संचालन प्रारंभ किया गया है :–

रसायन शास्त्र, गणित, भूगर्भशास्त्र, भौतिक शास्त्र, जंतु विज्ञान, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा, इतिहास, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, मनोविज्ञान तथा भूगोल।

इन विभागों में दूसरी पाली में विश्वविद्यालय के नियमित शिक्षकों, सेवा निवृत शिक्षकों एवं नेट (NET) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा कक्षा आधारित पारिश्रमिक पर कक्षाएं ली जानी हैं। दूसरी पाली में कक्षा संचालन के लिए नेट (NET) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची (Panel) बनाने हेतु नेट (NET) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक नेट (NET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेशिका उपरान्त सभी परीक्षाओं के अंक पत्रों तथा उपधि पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित संबंधित विभागों में आवेदन जमा कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी पहले भी आवेदन दे चुके हैं उन्हें भी पुनः आवेदन जमा करना होगा।

संबंधित विभागों में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15.01.2016 है।

कक्षाएं लेने के लिए नेट (NET) उत्तीर्णों की सूची में अ.जा./अ.ज.जा. /अन्य पि.व. के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधित्व के लिए राज्य आरक्षण नीति का पालन किया जायगा।

सूची में स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित विभाग में कोर्स के आधार पर आवश्यकतानुसार कक्षाएं आवंटित की जाएंगी एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर पर कक्षा आधारित पारिश्रमिक का भुगतान किया जायगा।

S. C. Gupta 02.01.2016

अध्यक्ष
छात्र कल्याण
राँची विश्वविद्यालय, राँची।